दिनांक : 13.06.2025　　　　　　　　　　　　　　　　　　　समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- अहमदाबाद विमान दुर्घटना में 241 लोगों के मारे जाने की पुष्टि। गृह मंत्री अमित शाह ने घटना स्थल का किया दौरा।
- विमान दुर्घटना की जांच शुरू। नागर विमानन मंत्री ने कहा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की समिति होगी जांच में शामिल।
- मुख्यमंत्री ने मूंग खरीदी पर कहा-केन्द्रीय कृषि मंत्री से चर्चा जारी, किसान संघो से भी करेंगे वार्ता।
- मुख्यमंत्री ने कि आज होने वाले जबलपुर और इंदौर के सभी कार्यक्रम रद्द करने की घोषणा।

एयर इंडिया-विमान दुर्घटना　　-1-

एयर इंडिया ने अहमदाबाद से लंदन जा रहे विमान की दुर्घटना में 241 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। विमान कल दिन के एक बजकर उन्चालीस मिनट पर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उडान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। यात्रियों में भारत के 169, ब्रिटेन के 53, पुर्तगाल के सात और कनाडा का एक नागरिक था। इनके अलावा दो पायलट और चालक दल के दस सदस्य थे। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी नेता विजय रूपाणी भी मृतकों में शामिल हैं। रमेश विश्वास कुमार नाम का एक यात्री इस हादसे में सुरक्षित बचा है।

विमान विनिर्माता कंपनी बोईंग ने कहा है कि वह एयर इंडिया के संपर्क में हैं और उसे किसी भी प्रकार की सहायता देने को तैयार है। दुर्घटनाग्रस्त बोईंग 787-8 ड्रीमलाईनर विमान वर्ष 2014 में एयर इंडिया को सौंपा गया था। टाटा ग्रुप के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को कंपनी की ओर से एक-एक करोड रुपये दिये जाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि टाटा ग्रुप घायलों के उपचार का खर्च वहन करने और मेडिकल कॉलेज के क्षतिग्रस्त हॉस्टल के स्थान पर नया छात्रावास बनाने में भी मदद करेगा।

एयर इंडिया-विमान दुर्घटन-अमित शाह　　-2-

इस बीच गृह मंत्री अमित शाह ने कल अहमदाबाद में दुर्घटना स्थल का दौरा किया। उन्होंने नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक की। बैठक के बाद श्री शाह ने संवाददाताओं से कहा कि इस  हादसे से पूरा देश स्तब्ध है और मृतकों के परिजनों के साथ है। उन्होंने पुष्टि की कि नागर विमानन मंत्रालय ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए औपचारिक जांच शुरू कर दी है।

बाईट - अमित शाह (जांच )

गृह मंत्री अहमदाबाद सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर भी गए जहां दुर्घटनाग्रस्त विमान गिरने से चपेट में आए कई घायलों का इलाज किया जा रहा है। श्री शाह ने दुर्घटना के बाद राहत और बचाव की त्वरित सहायता पर कहा कि गुजरात सरकार ने स्वास्थ्य, अग्निशमन, पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल सहित आपदा प्रबंधन इकाइयों को तुरंत सतर्क कर दिया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार और गुजरात प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से राहत और बचाव अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने हादसे में बचे एक घायल यात्री से भी अस्पताल में मुलाकात की। श्री शाह ने कहा कि डीएनए जांच के बाद आधिकारिक तौर पर मृतकों की संख्या की पुष्टि की जाएगी। उन्होंने मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की।

एयर इंडिया-विमान दुर्घटना- नागर विमानन मंत्री　-3-

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना की औपचारिक जांच शुरू कर दी है। नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने बताया कि जांच अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन की निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप की जाएगी। श्री नायडू ने बताया कि सरकार

इस मामले की विस्तृत जांच के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की समिति गठित कर रही है। यह समिति उडान सुरक्षा मजबूत करने और भविष्य में ऐसे हादसे रोकने के उपायों पर विचार करेगी।

मूंग खरीदी- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार सदैव किसान हितेषी निर्णय लिए जाने के लिए जानी जाती है। ऐसे में मूंग खरीदी को लेकर कोई विषय आया है और इस सिलसिले में केंद्रीय कृषि मंत्री से बात कर रहे हैं और किसान संघ से भी बात करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार संवेदनशील सरकार है और सभी मामले संवाद के माध्यम से हल करेंगे।

विकसित कृषि संकल्प अभियान

29 मई से चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान का कल समापन हो गया है। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। आगरमालवा जिले की ग्राम पंचायत झलारा में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य कृषकों को वैज्ञानिक विधियो एवं नवीन तकनीकी से अवगत कराना है। विदिशा के विकासखंड ग्यारसपुर के ग्राम चीकली, बरवाई एवं धोखेड़ा में अभियान अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें गंज बासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी शामिल हुये। रायसेन में सॉंची विकासखंड की ग्राम पंचायत कचनारिया सिलवानी विकासखंड की ग्राम पंचायत खमरिया मानपुर एवं बाड़ी विकासखंड की ग्राम पंचायत पंडा बम्होरी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सतना में अभियान के दौरान कल विकासखण्ड मैहर के लटागांव में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल ने कृषकों को सामयिक सलाह, जैविक एवं प्राकृतिक खेती के उपयोग के बारे में जानकारी दी।

ग्लोबल फैटी लीवर दिवस-मोटापा

विकसित भारत के साथ-साथ स्वस्थ भारत का निर्माण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कल 'ग्लोबल फैटी लीवर दिवस' पर सागर से वीडियो कॉन्फ्रेंस से प्रदेश के सभी जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों एवं आशा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री-कार्यक्रम रद्द

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुजरात के अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विमान दुर्घटना में दिवंगतों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए आज जबलपुर और इंदौर में होने वाले अपने सभी कार्यक्रम निरस्त कर दिये हैं। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री के आज जबलपुर के बरगी में संबंल योजना और लाड़ली बहना योजना के तहत हितग्राहियों को राशी अंतरित करने का कार्यक्रम भी रद्द कर दिया गया है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

नर्मदापुरम जिले में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग का वृहद आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में आयोजित होगा। वहीं जिले के विकासखंड और ग्राम स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा, पंचमढ़ी में भी योग कार्यक्रम आयोजित होंगे।

आईएसएसएफ-विश्व कप

भारतीय निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने कल जर्मनी के म्यूनिख में आईएसएसएफ विश्व कप 2025 में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में कांस्य पदक जीता। म्यूनिख विश्व कप में भारत का ये दूसरा पदक है। इससे पहले एलवेनिल वालारिवन ने महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- बड़वानी जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, ने विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस पर 19 जून को होने वाले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के स्थल का निरीक्षण किया।
- डिंडोरी जिले में 17 जून को शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी विद्यालय समनापुर  युवा-संगम रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा।
- मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा मानसून अवधि में पर्यटन को प्रोत्साहित करने के उददेश्य से बघीरा जंगल रिसोर्ट मोचा में कल से 2 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है।
- शिवपुरी जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा ईकेवाईसी अभियान में 9 लाख 58 हजार 582 सदस्यों की ईकेवाईसी पूरी हुई है।
- नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कल सतना की ग्राम पंचायतों को पानी के टैंकरों का वितरण किया।
- राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य  भुवन भूषण कमल आज विदिशा जिले के प्रवास पर रविन्द्रनाथ टैगौर ऑडिटोरियम में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे।
- मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के 20 जिलों में कल बारिश हुई। खंडवा, खरगोन, छिंदवाड़ा में एक-एक इंच पानी गिरा। सर्वाधिक तापमान खजुराहो में 45.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।
- आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के दूसरे दिन कल ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 8 विकेट पर 144 रन बना लिए थे। उसे दक्षिण अफ्रीका पर 218 रन की बढ़त मिल गई है।

-------